15/09/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता में तीन दिवसीय संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों की अनुकरणीय भूमिका की सराहना की और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने आज पूर्णिया ज़िले से बिहार में 40,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी किया।

0000000000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने उस प्रावधान पर रोक लगा दी है जिसके तहत वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति को पाँच साल तक इस्लाम का अनुयायी होना आवश्यक था। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने आज वक्फ संशोधन विधेयक पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया -

Byte Kiren Rijiju on Waqf Amendment Bill 2025

0000000000000000000000

हाल ही में नेचर पत्रिका में भारत में खुले में शौच की समाप्ति के बाद हुए बदलावों पर एक शोध पत्र प्रकाशित हुआ है। कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय और ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत खुले में शौच को समाप्त करने से सालाना लगभग 70 हज़ार मौतों को रोकने में सफल रहा है।

0000000000000000000000

तागिन कलचरल सोसाइटी ने आज मुख्यमंत्री पेमा खांडू से मुलाकात कर लंबे समय से अपर सुबनसिरी जिले के मेबी गेको से असम के गेरुखा मुख तक राजमार्ग सड़कें बनाने और सिंघिक जिले के तत्काल निर्माण की लंबित मांगों को पुन: दोहराया। बैठक के बाद एक मीडिया ब्रीफिंग में, TCS अध्यक्ष लारजी रिगिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों को पूरा करने और जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं को शुरू करने के लिए अपने का आश्वासन दिया, साथ ही इस वर्ष नवंबर में TCS के छठे जनरल कोंनफ़ेरेंस सह रजत जयंती समारोह में भाग लेने की अपनी सहमति भी व्यक्त की।

0000000000000000000000

राज्य में पर्वतारोहण और साहसिक भावना को बढ़ावा देते हुए नागरिक-सैन्य संबंधों को मज़बूत करने के उद्देश्य से, भारतीय सेना की स्पीयर कोर वर्तमान में राज्य के तवांग ज़िले में स्थित सबसे ऊँची चोटी माउंट गोरीचेन पर एक चुनौतीपूर्ण पर्वतारोहण अभियान चला रही है। जिसे पिछले महीने की 20 तारीख को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई गई थी। यह युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में भारतीय सेना की भूमिका को रेखांकित करता है और उन्हें अनुशासन, साहस और दृढ़ता के गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करता है। अभियान अब अपने अंतिम चरण में पहुँच गया है।

0000000000000000000000000

आज ईटानगर के गोल्डन जुबली बैंक्वेट हॉल में अरुणाचल प्रदेश इंजीनियरिंग सर्विस एसोसिएशन द्वारा अट्ठावनवां इंजीनियर्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, इंजीनियर्स की सराहना करते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा जल संसाधन मंत्री बियुराम वाहगे ने सभी से अपने-अपने क्षेत्रों में अच्छा काम जारी रखने की अपील की। कार्यक्रम में, रिटायर्ड चीफ़ इंजीनियर्स नानी रॉबिन, ताका तापाक, बार ताकुम और आतेक मिहू को राज्य सरकार के विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया।

0000000000000000000000000

रोनो हिल्स, दोईमुख स्थित राजीव गांधी युनिवर्सिटी परिसर में आज रेड रिबन क्लब एवं NSS सेल, आरजीयू और अरुणाचल प्रदेश स्टेड एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से HIV/AIDS, रक्तदान, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने, फिटनेस एवं सामुदायिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, 5 किलोमीटर लंबी मिनी मैराथन 'रेड रिबन रन' का सफल आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 7 जिलों पापुम पारे, कुरुंग कुमे, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, लोअर दिबांग वैली, नामसाई और चांगलांग के लिये ऑरेंज एवं अन्य सभी जिलों के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

पशुपालन, डेयरी विकास और पशु उत्पादकता विधियों के बारे में जागरुक्ता देने के उद्देश्य से, शी योमी जिले के लगभग 21 किसानों का पाँच दिवसीय एक्सपोज़र टूर कल संपन्न हुआ।

यह टूर पशु चिकित्सा विभाग द्वारा प्रायोजित था। टीम ने शिलांग और गुवाहाटी के विभिन्न डेयरी और पशुपालन फार्मों का दौरा किया।

0000000000000000000000

दूरदर्शन आज अपनी शानदार यात्रा के 66 वर्ष पूरे कर रहा है। 15 सितंबर 1959 को स्थापित, दूरदर्शन ने भारत के प्रसारण युग की शुरुआत की। तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था। आज, दूरदर्शन स्टूडियो और ट्रांसमीटरों के विशाल नेटवर्क के साथ भारत की सबसे बड़ी प्रसारण संस्था है। यह टेलीविजन, ऑनलाइन और मोबाइल सेवाएँ प्रदान करता है, जो महानगरीय और क्षेत्रीय, दोनों क्षेत्रों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों तक पहुँचती हैं।

0000000000000000000000